राज्य	स्थान
जम्मू और कश्मीर	लेह
	पुंछ
	राजौरी
	ऊधमपुर
कर्नाटक	गुलबर्गा
	मंगलौर
	मैसूर
	रायचूर
	हासन
	बंगलौर (डीडी-II)
केरल	कालीकट
	कन्नानूर
मध्य प्रदेश	अम्बिकापुर
	गुना
	शहडोल
	सागर
	सिंगरौली
महाराष्ट्र	चन्द्रपुर
	जलगांव
मिजोरम	लुंगलेई
	सैहा
उड़ीसा	बालेश्वर
	बरहामपुर
	सम्बलपुर
	बोनई
पंजाब	फाजिल्का
राजस्थान	अजमेर
	अनूपगढ़
	बाड़मेर
	बीकानेर
	जैसलमेर
	जोधपुर
	नाथद्वारा
	लालसोट
तमिलनाडु	धर्मापुरी
	कुम्बाकोनम
	रामेश्वरम
	तिरुनेलवेली
उत्तर प्रदेश	बलरामपुर
	बांदा
	लखीमपुर
	सीतापुर
	चम्पावत
	अल्मोड़ा
	हलद्वानी
	न्यू टेहरी
दमन एवं दीव	दीव
दादरा और नगर हवेली	सिल्वासा
पश्चिम बंगाल	बलूरघाट
	खड़गपुर
	कृष्णनगर
पाण्डिचेरी	पाण्डिचेरी

कुल्लू में बिजली महादेव, दलाश और दियार के लिए कम शक्ति वाला प्रसारण यंत्र/बहुत कम शक्ति वाला प्रसारण यंत्र लगाया जाना

2331. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बिजली महादेव, दलाश और दियार नामक स्थानों के लिए कम शक्ति वाला प्रसारण यंत्र/बहुत कम शक्ति वाला प्रसारण यंत्र लगाये जाने की स्वीकृति दी गई थी;

(ख) यदि हां, तो क्या इन तीनों स्थानों पर निर्माण कार्य पूरा हो गया है; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर "न" में है तो उक्त प्रत्येक स्थान पर निर्माण कार्य किस स्थिति में है और इसमें विलम्ब के क्या कारण है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव): (क) से (ग) जबकि वर्तमान में दियार में अति अल्प शक्ति टी.वी. ट्रांसमीटर कार्यान्वयनाधीन है, दलाश हेतु मूलत: प्रस्तावित अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर को अब थानेदार में स्थानांतरित कर दिया गया है क्योंकि दलाश में उपयुक्त स्थल उपलब्ध नहीं था। दियार स्थित अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर के शुरू होने पर दलाश को टी.वी. सेवा प्राप्त होने की संभावना है। वर्तमान में बिजली महादेव में टी.वी. ट्रांसमीटर स्थापित करने की कोई अनुमोदित स्कीम नहीं है। दियार में अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर स्थापित करने हेतु भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा उपकरण प्राप्त हो गए हैं। ट्रांसमीटर के 1995 के दौरान चालू किए जाने की संभावना है।

Study by Asian Mass Communication Research and Information Centre

2332. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether attention of Government has been drawn to a study by Asian Mass Communication Research and Information Centre according to which 72% of programmes telecast by Doordarshan Centre show violence;

(b) whether it is also a fact that disrespect and disregard of women is as rempant as violence in the telecasts from Doordarshan;

(c) whether this is the position inspite of directives issued by Government from time to time; and

(d) if so, what further steps Government are considering to curb such tendencies?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K.P. SINGH DEO): (a) The said survey drew this conclusion in respect of locally produced television programmes without making any specific observations about the programmes telecast by Doordarshan.

(b) No, Sir.

(c) and (d) Do not arise.

Outstanding dues Against DAVP

2333. SHRI MOHAMMED AFZAL ALIAS MEEM AFZAL: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) what is the total amount of outstanding dues of newspapers against DAVP as on 31.12.1994;

(b) by when these payments are likely to be made; and

(c) since when payment of such bills have been pending?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K.P. SINGH DEO): (a) to (c) As per the records, the total amount of outstanding dues of newspapers against DAVP, as on 31.12.1994 was Rs. 15,37,42,003/-. These dues pertain to the bills received during the period 15.7.94 to 30.12.94. Processing of advertisement bills and their payments are continuing activities of DAVP. The above dues are expected to be cleared by end of June 1995.

Screening of "Bandit Queen" at foreign Film Festival

2334. SHRI SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government are aware that banned feature film "Bandit Queen" is being screened in the "New Directors' New Film" festival to be held in New York in April, 1995;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government propose to take some action in the matter as a mark of respect towards Indian Judiciary; and

(d) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K.P. SINGH DEO): (a) No, Sir.

(b) to (d) Do not arise.

मैट्रो चैनल के लिए नीति

2335. श्री अजीत जोगी: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दिल्ली दूरदर्शन के मैट्रो चैनल (दूरदर्शन-2) को चलाने के लिए कोई नीति बनाई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव): (क) और (ख) जी, हां। डी.डी.-2 चैनल हेतु घरेलू निर्माण, प्रायोजकता, कमीशनिंग, रायल्टी तथा अर्जन के जरिए साफ्टवेयर प्राप्त किया जा रहा है।

मैट्रो चैनल पर अंग्रेजी समाचारों का प्रसारण

2336. श्री दिग्विजय सिंह: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दूरदर्शन को मैट्रो चैनल पर अंग्रेजी भाषा में समाचारों का सीधा प्रसारण करने की अनुमति दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो समाचारों के सीधे प्रसारण की अनुमति किस आधार पर और किस कारण से दी गई है तथा मुख्य चैनल पर प्रसारित होने वाले अंग्रेजी, हिन्दी और अन्य भाषाओं के समाचारों के साथ-साथ जनमानस एवं दूरदर्शन पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव): (क) और (ख) राष्ट्रीय अंग्रेजी समाचार बुलेटिन प्रतिदिन रात्रि 10 बजे डी.डी.-1 पर प्रसारित किया जाता है तथा इसे उसी समय दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र